प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां
(मई, 2017)

*****

प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां

1. माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा 07 मई, 2017 को राजकोट, गुजरात में राष्ट्रीय कुष्ठरोग एवं उन्मूलन कार्यक्रम के लिए रोगी पहचान तंत्र प्रणाली के साथ एक "निकुष्ठ" ऑनलाइन प्रणाली प्रारंभ की गई।
2. माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा कुष्ठ रोग के लिए 07 मई, 2017 को राजकोट, गुजरात में माइकोबैक्टीरियम इंडिकस प्रानी (एमआईपी) टीका लांच किया गया।
3. एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मई, 2017 में जिनेवा में आयोजित 70वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में भाग लिया। भारत द्वारा दो-तरफा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए (i) संयुक्त राष्ट्र उच्चस्तरीय पैनल रिपोर्ट के संदर्भ में औषधियों की खरीद पर तथा (ii) विश्व तंबाकू रहित दिवस के अवसर पर वैश्विक कार्यक्रम। भारत में औषधियों की खरीद करने, गैर-संक्रामक रोगों के बारे में कार्य-योजना तथा बाल्यावस्था में मोटापे को समाप्ति करने के बारे में आयोग की सिफारिशों की कार्यान्वायन योजना के सदंर्भ में कार्य-सूची मदों पर एक राय बनाने मे अहम भूमिका अदा की है। कार्य-सूची की अनेक अन्य मदों पर भारत द्वारा किए गए कार्यकलापों की अन्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों द्वारा प्रशंसा की गई।
4. स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और फिलिस्तीन के बीच 16 मई, 2017 को नई दिल्ली में एक समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।
5. सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) ने 16-19 मई, 2017 के दौरान ओटावा, कनाडा में आयोजित "वैश्विक किशोर स्वास्थ्य सम्मेलन" तथा "पीएमएनसीएच बोर्ड की 20वीं बैठक" में भाग लिया।
6. माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने बर्लिन, जर्मनी में 18-20 मई, 2017 को आयोजित "29वीं तपेदिक रोको सहभागिता बैठक" तथा "जी-20, स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक" में हिस्सा लिया।
7. द्विपक्षीय स्वास्थ्य मामलों पर चर्चा करने के लिए माननीया राज्य मंत्री (एपी) तथा सुश्री जिल हेनेसी, माननीया विक्टोरियन स्वास्थ्य और एम्बूलेंस सेवाएं मंत्री, विक्टोरिया (आस्ट्रेलिया) के बीच 29 मई, 2017 को नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई।
8. द्विपक्षीय मामलों पर चर्चा करने के लिए माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा चैक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के बीच 30 मई, 2017 को नई दिल्ली में बैठक आयोजित की गई।
9. राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगिल पुरस्कार समारोह, 2017 में 35 उत्कृष्ट परिचर्या कार्मिकों को फ्लोरेंस नाइटेंगिल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
10. शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के लिए 14 नए मेडिकल कॉलेजों (एमबीबीएस की 1800 सीटें बढ़ा दी गई) की स्थापना तथा 4 नए दंत चिकित्सा कॉलेजों (बीडीएस प्रवेश में 250 सीटें) की स्थापना हेतु अनुमति पत्र जारी किए गए।
11. शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के लिए 8 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में की प्रवेश क्षमता को 390 सीटों तक बढ़ाने तथा 1 दंत चिकित्सा-कॉलेज में बीडीएस पाठ्यक्रम में सीटों को 40 से बढ़ाकर 100 करने के लिए अनुमति पत्र जारी किए गए।

12. शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के लिए मौजूदा 138 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम (14562 एमबीबीएस सीटें नवीकृत) में प्रवेश हेतु तथा 11 दंत चिकित्सा कॉलेजों में बीडीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुमति के नवीकरण पत्र जारी किए गए।
13. 34 पाठ्यक्रमों में 63 सुपर स्पेशियलिटी सीटों के लिए अनुमति पत्र जारी किए गए। इसके अलावा , 2017-18 के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एकमुश्ते उपाय के रूप में 76 सुपर स्पेशियलिटी सीटों के लिए अनुमति पत्र जारी किए गए।
14. 155 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मान्यता के संबंध में अधिसूचनाएं/पत्र जारी किए गए।
15. नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हेतु सीएसएस के अंतर्गत राज्यों को 1270 करोड़ रुपए जारी किए गए।
16. दृष्टिहीनता पर नियंत्रण पाने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मई , 2017 तक मोतियाबिंद के लगभग 2.25 लाख ऑपरेशन किए गए , स्कूली बच्चों को लगभग 6,550 नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा दान की हुई लगभग 2,140 आँखे एकत्र की गईं।

******